# मेलघाट से डफरीन रेफर 33 बच्चों की उपचार के दौरान मृत्यु

## 10 माह में डफरीन में 330 माता, 129 गंभीर बच्चे उपचार के लिए हुए थे दाखिल

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 फरवरी-** मेलघाट में स्वास्थ्य की अपर्याप्त सुविधाओं के कारण यहां की गंभीर गर्भवती व स्तनदा माता उसी प्रकार 0 से 1 माह के बच्चों को उपचार के लिए डफरीन में भर्ती किया जाता है. 10 माह में मेलघाट से डफरीन में दाखिल 33 गंभीर बच्चों तथा एक स्तनदा माता की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है. उसी प्रकार 14 गंभीर गर्भवती माताओं ने मृत बच्चों को जन्म देने की धक्कादायक जानकारी सामने आयी है.



शहर का डफरीन अस्पताल जिले के अन्य सभी अस्पतालों का रेफर सेंटर है. ग्रामीण भाग में अपर्याप्त सुविधाओं के कारण गर्भवती माता, स्तनदा माता उसी प्रकार गंभीर बच्चों को आगामी उपचार के लिए इसी अस्पताल में दाखिल किया जाता है. इसमें सर्वाधिक रेफर का प्रमाण मेलघाट का है. मेलघाट की बालमृत्यु देशभर में चर्चा का विषय है. यहां की बालमृत्यु को रोकने के लिए शासन के आदेशानुसार स्वास्थ्य प्रशासन की ओर से अनेक उपाययोजना भी चलाई जाती हैं, किंतु आज भी इस स्थान पर स्वास्थ्य की सुविधा कम होने के कारण माता व बच्चों को डफरीन अस्पताल में ही रेफर किया जाता है. 1 अप्रैल 2022 से 31 जनवरी 2023 इन 10 महीनों की कालावधि में मेलघाट से 234 गर्भवती माता, 96 स्तनदा माता तथा शून्य से एक माह के 129 गंभीर बच्चों को डफरीन अस्पताल में रेफर किया गया था.

### नागपुर रेफर किए गए चार बच्चों की मृत्यु

मेलघाट से डफरीन अस्पताल में दाखिल किए गए कुछ गंभीर मरीजों को नागपुर रेफर किया गया था. इनमें 33 गर्भवती माताएं, 13 स्तनदा माता तथा 22 शून्य से एक माह तक के बच्चों का समावेश है. इनमें से 4 बच्चों की उपचार के दौरान भी मृत्यु हो गई तथा 12 बच्चों की तबीयत सुधर जाने के कारण उन्हें छुट्टी दे दी गई है, वहीं 6 बच्चों के परिवारों से संपर्क नहीं हो पाने की जानकारी डफरीन अस्पताल प्रशासन ने दी है.

मेलघाट से रेफर किए गए प्रत्येक बच्चे और माता की तबीयत गंभीर स्थिति में पहुंच गई थी. ऐसी परिस्थिति में भी माता और बच्चे दोनों के भी प्राण बचाने के लिए अस्पताल के डॉक्टर सभी प्रयास करते हैं. अस्पताल में कुछ सुविधा अपर्याप्त होने पर उन्हें तत्काल नागपुर रेफर किया जाता है.

**- डॉ. विद्या वाठोड़कर, वैद्यकीय अधीक्षक**

### 14 बच्चों की उपजत मृत्यु

मेलघाट की 234 गंभीर गर्भवती माताओं को डफरीन अस्पताल में दाखिल करवाया गया था. इनमें से 14 गर्भवती माताओं के बच्चों की उपजत मृत्यु होने की नोंद अस्पताल प्रशासन के पास है.

### स्वास्थ्य मंत्री का कहां है विशेष मॉडल ?

माता मृत्यु व बालमृत्यु रोकने के लिए मेलघाट को विशेष रूप से स्वास्थ्य सुविधा के आपूर्ति का उसी प्रकार मेलघाट की स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाकर विशेष मॉडल चलाने का स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत ने मेलघाट दौरे में कहा था. 15 दिनों में यह मॉडल क्रियान्वित होगा, ऐसा भी उन्होंने कहा था, किंतु तीन माह बीत जाने के बाद भी मेलघाट को स्वास्थ्य मंत्री के विशेष मॉडल की अभी भी प्रतीक्षा ही है.

# कुख्यात गोंडी के साथियों ने वैंकयापुरा में मचाया हंगामा

## मवेशियों को मारने की धमकी, दो आरोपी नामजद




**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 फरवरी-** फ्रेजरपुरा थानाक्षेत्र के वैंकयापुरा में दिनोंदिन गुंडे बदमाशों का आतंक बढ़ रहा है. जेल में बंद कुख्यात गोंडी के साथीदारों ने अब परिसर में हंगामा मचाना शुरू किया है. मवेशी व्यापारी को अपना व्यवसाय बंद करने की धमकी दी. अन्यथा सभी मवेशियों को जिंदा मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है.

जानकारी के मुताबिक गत सितंबर माह में कुख्यात तड़ीपार आरोपी ने होटल में वेटर पर जानलेवा हमला करने के बाद वैंकयापुरा में एक गर्भवती गाय पर चाकू से हमला कर हत्या की थी. जिसके तहत फ्रेजरपुरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया था. फिलहाल वह सलाखों के पीछे है. मंगलवार की रात फ्रेजरपुरा थाना क्षेत्र के वैंकयापुरा में कुख्यात गोंडी के साथी विशाल राजपूत व लखन राजपूत दूध व्यवसायी के घर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे. जब महिला ने उन्हें रोकने की कोशिश की थी तो आरोपी ने धमकी दी कि गोंडी मोडक जब भी जेल से बाहर आएगा सभी मवेशियों को मार देंगे. इसलिए तुम दूध का व्यवसाय बंद कर दो, अन्यथा मवेशियों के साथ-साथ तुम्हारे परिवार वालों को भी मार देंगे. महिला ने तुरंत फ्रेजरपुरा थाने में शिकायत की. पुलिस ने आरोपी विशाल राजपूत व लखन राजपूत के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

### जेल में भी गोंडी की जमकर की थी पिटाई

जानकारी के मुताबिक एक माह पहले जेल में भी सड़क छाप गोंडी नामक आरोपी दादागिरी कर रहा था और इसी भाईगिरी की आड़ में वह अमरावती व पुणे के कुछ आरोपियों से उलझ गया, लेकिन वहीं पुणे व अमरावती के आरोपियों ने गोंडी और उसके साथियों को बेरहमी से पिटाई की थी. यह मामला फ्रेजरपुरा थाने में दर्ज है. इसके बावजूद गोंडी व उसके गुंडों पर भाईगिरी का भूत अभी भी सवार है.

# मेलघाट व्याघ्र प्रकल्प बाघों के लिए अनुकूल



**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**परतवाड़ा, 22 फरवरी-** मेलघाट पर टाइगर प्रोजेक्ट के नियंत्रण के बाद से बाघों को प्राकृतिक वातावरण मिला है. यही कारण है कि आज टाइगर प्रोजेक्ट में 50 बाघ हैं. इसमें 21 मादा और 29 नर बाघों का समावेश है. इसके अलावा 22 बाघों के शावक भी हैं.देश में पहले 9 व्याघ्र प्रकल्पों में सबसे बड़ा और राज्य का पहला मेलघाट प्रकल्प को 49 वर्ष पूर्ण हो गए हैं. 22 फरवरी 1974 को अस्तित्व में आया व्याघ्र प्रकल्प बाघों के प्रजनन के लिए अनुकूल साबित हुआ है. व्याघ्र प्रकल्प का क्षेत्रफल 2700 वर्ग किमी है. जिसमें 361.28 वर्ग किमी. में गूगामल राष्ट्रीय उद्यान समाविष्ट है. एक बाघ को साधारणतः 25 वर्ग किमी. का क्षेत्र लगता है. अतः मेलघाट में 100 से अधिक बाघ रह सकते हैं. आज व्याघ्र प्रकल्प में 50 बाघ हैं. इसमें 21 मादा और 29 नर और इसके अलावा 22 बाघों के शावक भी हैं. यह प्रकल्प देश के टॉप टेन प्रकल्प में से एक है. एनटीसी के मूल्यमापन समिति की रिपोर्ट में मेलघाट व्याघ्र प्रकल्प वेरी गुड श्रेणी में है. मेलघाट विधायक राजकुमार पटेल ने गत सप्ताह कहा था कि उन्हें व्याघ्र प्रकल्प का विरोध नहीं है, बल्कि ग्रामीण भागों का विकास करने में वन विभाग बाधा बन रहा है.



# पीडीएमसी में शिवजयंती पर हुआ रक्तदान शिविर

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 फरवरी-** हिंदवी के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की 393वीं जयंती के अवसर पर स्थानीय डॉ. पंजाबराव देशमुख स्मृति मेडिकल कॉलेज से संलग्न पीडीएमसी ब्लड बैंक में रविवार, 19 फरवरी को महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. गणेश पुंडकर की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थी अनिकेत हाटे, मयूर महल्ले व रोहित चेडे ने स्वयंस्फूर्ति से रक्तदान किया.इस अवसर पर ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. आशीष तायड़े, डॉ. स्वप्निल पाटिल, क्रीड़ा अधिकारी संजय वाटाणे, टेक्निशियन, सचिन काकड़े, गौरव देशमुख, किशोर इंगले, नरेंद्र इंगोले, राजेंद्र देशमुख, वैष्णवी धर्माले, पार्थ इंगले आदि सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

# इज्तेमा में आए हजारों लोगों का किया निःशुल्क उपचार



**अमरावती, 22 फरवरी-** वलगांव रोड पर आयोजित तीन दिवसीय इज्तेमा में पहुंचने वाला व्यक्ति अगर बीमार हुआ तो आइडियल मेडिकल एसो. की ओर से निःशुल्क उपचार कर उन्हें दवा दी जा रही थी. इस दौरान 20 से 25 हजार मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया. एसोसिएशन द्वारा 150 से 200 डॉक्टरों की टीम तैनात की गई थी. इसमें सभी डॉक्टर्स निःशुल्क सेवाएं दे रहे थे. इस दौरान डॉ. सुफियान असकरी, डॉ. रिजवान, डॉ. मतीन अहमद, डॉ. मोहसिन अहमद, डॉ. इलियास, डॉ. मजर अली, डॉ. इमरान खान, डॉ. असरार, डॉ. कलीम नसीम, डॉ. सलीम नसीम, डॉ. फहीम किदवाई, डॉ. असलम भारती और फर्मासिस्ट ने अपनी सेवाएं दीं.

# 55 आंदोलकों के खिलाफ कोतवाली में अपराध दर्ज

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 फरवरी-** 'आयुक्त आष्टीकर हटाओ, अमरावती शहर बचाओ' इस आंदोलन में सहभागी कृति समिति के 55 लोगों के खिलाफ शहर कोतवाली पुलिस ने सोमवार की शाम को शासकीय कामकाज में बाधा निर्माण करने के मामले में अपराध दर्ज किए. महापालिका के सामान्य प्रशासन विभाग प्रमुख ने इस संबंध में कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी. कृति समिति के मुन्ना राठोड़, रामा सोलंके, समीर जवंजाल, गजेंद्र तिड़के, संजय गव्हाले व अन्य 50 महिला, पुरुष बिना अनुमति मनपा में घुस गए थे. उन्होंने वहां जोरदार नारेबाजी की. उनके आंदोलन के कारण लगभग डेढ घंटे तक प्रवेश द्वार पर आना-जाना रुक गया था. उनके आंदोलन के कारण सरकारी संपत्ति का विद्रुपीकरण हुआ तथा कार्यालयीन कामकाज में बाधा निर्माण हुई, ऐसी शिकायत सामान्य प्रशासन विभाग प्रमुख ने दर्ज करवाई. उस शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने राठोड़, सोलंके, जवंजाल, तिड़के, गव्हाले व अन्य 50 लोगों के खिलाफ फौजदारी अपराध दर्ज किया.




# अत्यल्प दरों में दंतरोग उपचार शिविर 27 को

**अमरावती, 22 फरवरी-** तखतमल श्रीवल्लभ होमियोपॅथिक वैद्यकीय महाविद्यालय व अस्पताल, राजापेठ के सर्जरी विभाग की ओर से महाविद्यालय के अस्पताल में अत्यल्प दरों में दंतरोग जांच व उपचार शिविर का आयोजन सोमवार, 27 फरवरी को प्रातः 10 से 2 बजे के दौरान किया गया है. शिविर में दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. अमिता राठी मरीजों का अत्यल्प दरों में उपचार करेंगी. शिविर में दांत साफ करना, रूट कॅनॉल, दंत एक्सरे, दांत बैठाना, बत्तीसी, ब्रेसेस लगाना आदि उपचार किए जाएंगे. सर्जरी विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. वर्षा अग्रवाल, डॉ. श्वेताली निवाने आदि भी उपचार करेंगे. अतः परिसर के मरीजों से शिविर का लाभ उठाने का आवाहन किया गया है.

# रवि राणा ने भिवापुर तालाब का किया निरीक्षण



## गाल निकालने व गहराईकरण हेतु 15 करोड़

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**चांदूर बाजार, 22 फरवरी-** विधायक रवि राणा के निर्देशन में फॉरेस्ट एरिया का ब्रिटिशकालीन भिवापुर तालाब, मालेगांव, कोंडेश्वर व पोहरा तालाब का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान भिवापुर तालाब से मालेगांव, अंजनगांव बारी, अऱ्हाड़-कुऱ्हाड़, उतखेड़ इन गांवों में जलजीवन मिशन अंतर्गत जलापूर्ति की जाती है. इसके कारण इन तालाबों में बड़े प्रमाण में गाल जमा है. संपूर्ण गाल निकालने के लिए भिवापुर तालाब के लिए 15 करोड़, मालेगांव तालाब के लिए 3 करोड़ कोंडेश्वर तालाब के लिए 2 करोड़ तथा पोहरा बंदी के लिए 3 करोड़ निधि शीघ्र ही उपलब्ध करवाने का राणा ने आश्वासन दिया. संपूर्ण तालाब बांधने की रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करने की सूचना उन्होंने अधिकारियों को दी. उल्लेखनीय है कि तालाब के निरीक्षण के लिए नागपुर के मुख्य कार्यकारी अभियंता देवराज साहेब की विशेष उपस्थिति रही. इसके अलावा उपवन संरक्षक चंद्रशेखरन, संतोष काकडे, निपाने साहेब आदि सहित बड़ी संख्या में संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

# 1.35 करोड़ की निधि से शिवटेकड़ी पर साकार होगी 'शिवसृष्टि'

## तुषार भारतीय के प्रयास सफल

**अमरावती, 22 फरवरी-** भाजपा नेता तुषार भारतीय के प्रयासों से स्थानीय शिवटेकड़ी पर शिवसृष्टि निर्माण करने के लिए 1 करोड़ 35 लाख रुपए की निधि महाराष्ट्र सरकार की ओर से प्राप्त हुई है. राज्य में देवेंद्र फड़णवीस मुख्यमंत्री रहते समय तथा पर्यटन मंत्री मदन येरावार जब कार्यभार संभाल रहे थे उस समय तुषार भारतीय के प्रयास से 3 करोड़ रुपए मनपा को मंजूर हुए थे. उसमें से 30 लाख रुपए मनपा को प्राप्त हुए थे. उस 30 लाख का यूटिलाइजेशन पूर्ण होने पर आगामी निधि आने से पहले ही राज्य में सत्ता परिवर्तन हुआ और महाविकास आघाड़ी सरकार सत्तारूढ़ हुई.तुषार भारतीय ने कहा कि महाविकास आघाड़ी सरकार ने इस शिवसृष्टि को एक भी रुपया नहीं दिया. राज्य में सत्तांतर होने के बाद शिंदे सरकार आने पर तुषार भारतीय ने इस दिशा में अपने प्रयास तेज कर दिए.



पर्यटन मंत्री मंगल प्रसाद लोढा जब अमरावती दौरे पर आए थे तब उनके पास इस संदर्भ में मांग की थी. तब उन्होंने शेष रकम तत्काल भेजने का आश्वासन दिया था. इसी कारण शेष निधि से 1 करोड़ 35 लाख रुपए उन्होंने रिलीज किए, जिससे स्थानीय शिवटेकड़ी पर आखिर शिवसृष्टि का निर्माण होगा. अमरावती में शिवसृष्टि निर्माण करने निधि उपलब्ध कर देने पर तुषार भारतीय ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस तथा मंगल प्रसाद लोढा का आभार माना है.

# अकोला-तिरुपति एक्सप्रेस ट्रेन अब 28 मई तक

## अवधि बढ़ाने से यात्रियों को होगी सुविधा



**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**वाशिम, 22 फरवरी-** रेलयात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए अकोला-पूर्णा मार्ग से अभी दौड़ रही अकोला-वाशिम-तिरुपति-अकोला यह सप्ताहिक ट्रेन की फिर से अवधि बढ़ायी गई है. 26 फरवरी तक निश्चित अवधि रहने वाली इस ट्रेन को अब 28 मई तक कर दिया गया है. जिले के साथ परिसर के रेलयात्रियों को यात्रा की सुविधा रहेगी. अवकाश की समयावधि में वाशिम जिले के साथ परिसर के नागरिकों को तिरुपति बालाजी के दर्शन के लिए जाने के लिए सुविधा होगी.

### अवकाश में बाहर जाते हैं लोग

इस दौरान मई महीने में स्कूलों का अवकाश रहता है. इन दिनों में अनेक लोग बाहर गांव जाते हैं, तो अनेक लोग देवदर्शन के लिए भी जाते हैं. ऐसे में अकोला से तिरुपति यह ट्रेन सीधी रहने से व इस ट्रेन को अवधि बढ़ने से लोगों के लिए गर्मी की छुट्टियों में तिरुपति जाने के लिए सुविधा मिलने वाली है. इसलिए इस ट्रेन का विशेष दर्जा हटाकर इसे नियमित रूप से चलाने की मांग यात्रियों द्वारा की जा रही है.

### प्रत्येक रविवार को निकलेगी

जानकारी को अनुसार 07606 अकोला से तिरुपति यह साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 28 मई तक प्रत्येक रविवार को 8.10 बजे अकोला रेलवे स्टेशन से निकलेगी व वाशिम रेलवे स्टेशन पर 9.19 को आगमन होगा व 9.20 को हिंगोली की ओर प्रस्थान होगा. यह ट्रेन दूसरे दिन 6.25 बजे तिरुपति पहुंचेगी. इसी प्रकार से 07605 क्रमांक की तिरुपति-अकोला सप्ताहिक ट्रेन 24 फरवरी तक निश्चित थी. यह ट्रेन शुक्रवार को 12.30 बजे तिरुपति रेलवे स्टेशन से निकलेगी व दूसरे दिन पर वाशिम रेलवे स्टेशन पर 10.41 बजे आकर अकोला में 12.15 बजे पहुंचेगी.

# हॉकी में उत्कृष्ट योगदान के लिए अफसर बेग सम्मानित

**अमरावती, 22 फरवरी-** राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में उनके योगदान के लिए अमरावती की विधायक सौ. सुलभा संजय खोड़के ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया. इस कड़ी में अफसर बेग सर को हॉकी में दो बार सब जूनियर नेशनल, दो बार जूनियर नेशनल, चार बार इंटर कॉलेज, दो बार इंटर यूनिवर्सिटी व ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी, दो बार सीनियर नेशनल चैंपियनशिप, इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिताएं, ऑल इंडिया प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ हॉकी कोचिंग में अपनी शाला में हॉकी के खिलाड़ी तैयार करना, जिसके कारण 2015 में अमरावती विद्यापीठ में पुरुष हॉकी टीम का कोच नियुक्त किया गया. अमरावती विद्यापीठ की टीम ने भोपाल ऑल इंडिया प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया. इसके साथ ही विदर्भ नेशनल टीम के सिलेक्टर व कोच रहे अफसर बेग सर को हॉकी में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए विधायक सौ. सुलभा संजय खोड़के ने किया सम्मानित किया.



# प्रकाश देशमुख ने संस्थान में किया 9.20 लाख का गबन

## पूर्व विश्वस्त प्रकाश राजगुरे का आरोप, सहा. धर्मदाय आयुक्त से शिकायत

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**नांदगांव खंडेश्वर, 22 फरवरी-** प्रकाश आनंदराव देशमुख श्री खंडेश्वर संस्थान के विश्वस्त व अध्यक्ष नहीं होते हुए भी स्वयं को अध्यक्ष समझते हैं. इन्हें कोई भी अधिकार नहीं होते हुए तथा कोई भी विश्वस्त मंडल खंडेश्वर संस्थान पर अस्तित्व में नहीं रहते हुए अमरावती जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक, शाखा नांदगांव खंडेश्वर के बैंक मैनेजर को झूठे दस्तावेज देकर खंडेश्वर संस्थान के अकाउंट से गत 10 अक्तूबर 2022 से 10 फरवरी 2023 तक 5.22 लाख निकालकर भ्रष्टाचार किया है. उसी प्रकार संस्थान को विभिन्न कार्यक्रमों में मिली रकम 3 लाख 98 हजार 19 रुपए खंडेश्वर संस्थान के अकाउंट में नहीं भरे. श्री खंडेश्वर संस्थान के पूर्व विश्वस्त प्रकाश राजगुरे ने सूचित किया है कि खाते में से पैसे निकालने के लिए अनुमति नहीं होते हुए भी प्रकाश देशमुख ने बैंक के खाते से पैसे निकाले.

प्रकाश देशमुख ने झूठे दस्तावेज देकर 5 लाख 22 हजार बैंक से निकाले.

श्री खंडेश्वर संस्थान में प्रकाश आनंदराव देशमुख ने 1 मई 2022 से 10 फरवरी 2023 तक कुल 9.20 लाख रुपयों का भ्रष्टाचार किया है तथा इसकी शिकायत मैंने स्वयं सहा. धर्मदाय आयुक्त, अमरावती से की है.

-प्रकाश राजगुरे, पूर्व विश्वस्त, श्री खंडेश्वर संस्थान, नांदगांव खंडेश्वर




# तायक्कांडो नेशनल चैम्पियनशिप में बजरंग वानखड़े ने जीता रजत पदक

**अमरावती, 22 फरवरी-** भारतीय विद्या मंदिर द्वारा संचालित भारतीय महाविद्यालय अमरावती के छात्र बजरंग वानखड़े ने 38वीं तायक्कांडो नेशनल चैम्पियनशिप में रजत पदक प्राप्त किया. यह स्पर्धा पांडिचेरी में आयोजित की गई थी. बजरंग वानखड़े की क्रीड़ा क्षेत्र की प्राविण्यता के आधार पर सोल्जर पद पर बंगलुरू एसीसी सेंटर साऊथ में नियुक्ति भी की गई है. भारतीय सेना दल की ओर से प्रतिनिधित्व कर उल्लेखनीय कार्य करते हुए वर्ल्ड तायक्कांडो चैम्पियनशिप, साऊथ कोरिया, हीरो कप-थाईलैंड तायक्कांडो हिमालय कप-मनाली, ओपन चैम्पियनशिप-उज्जैन तथा 2023 में तायक्कांडो नेशनल चैम्पियनशिप, नेशनल चैम्पियनशिप में रजत पदक प्राप्त किया. बजरंग वानखड़े की सफलता पर भारतीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आराधना वैद्य, क्रीड़ा विभाग प्रमुख डॉ. संगीता देशमुख, क्रीड़ा विभाग से संचालक डॉ. विक्रांत वानखड़े व सभी शिक्षकों ने बजरंग वानखड़े का अभिनंदन कर शुभकामनाएं दीं.

# 1111 कृषि पंपों की बिजली आपूर्ति बंद

## महावितरण की सख्ती से संतरे के बगीचे संकट में

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**वरुड़, 22 फरवरी-** विदर्भ का कैलिफोर्निया के रूप में पहचान बना चुके वरुड़ परिसर के हजारों किसान संकट में हैं. बिजली का बिल नहीं भरने वाले किसानों के पंपों की बिजली काट दी जा रही है. जबकि 1,111 पंपों की बिजली आपूर्ति महावितरण की ओर से बंद कर दी गई है. वहीं 16,726 किसानों के पंपों की बिजली कभी भी कट सकती है. इससे किसान परेशान हैं और बगीचों को बचाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं.वरुड़ उपविभागीय क्र. 1 में 2,750 कृषि पंपों पर 14 करोड़ 50 लाख, वरुड़ उपविभाग 2 में 8,500 कृषि पंपों पर 26 करोड़ रुपए और शेंदूरजनाघाट उपविभाग में 5,476 कृषि पंप धारकों पर 34 करोड़ रुपए का बकाया है. वरुड़ भाग 1 में 350, वरुड़ भाग 2 में 566 और शेंदूरजनाघाट उपविभाग 195 कृषि पंपों की बिजली खंडित की गई है.



### आदेश नहीं आए

यहां के कनिष्ठ अभियंता रोहित मेश्राम ने कहा कि किसानों ने अनेक वर्षों से बिल जमा नहीं किया है. बकाया रखने वालों की बिजली खंडित नहीं की जाए. इस प्रकार के लिखित आदेश महावितरण को नहीं मिले हैं.

### मुख्य बिंदु

- परिसर में आनेवाले किसानों पर 74.82 करोड़ रुपए का बिल बाकी
- 16,726 कृषि पंप की बिजली आपूर्ति बंद होने की आशंका
- अधिकारियों ने कहा कनेक्शन नहीं काटने का लिखित आदेश नहीं मिला

